प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 16.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

- इसरो ने स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक किया संपन्न, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैज्ञानिकों को दी बधाई।
- झारखंड हाईकोर्ट में निकाय चुनाव से जुड़ी याचिका पर हुई सुनवाई, राज्य सरकार को चार महीने में चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य में जल जीवन मिशन की स्थिति पर जतायी चिंता, कहा– गड़बड़ियों की करायी जायेगी उच्चस्तरीय जांच।
- सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन अब से थोड़ी देर बाद तीन दिवसीय दौरे पर आयेंगे झारखंड, आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में विकास योजनाओं की प्रगति की करेंगे समीक्षा।
- नीति आयोग की टीम गुमला के तीन दिवसीय दौरे पर, कई स्कूलों और पोषक क्षेत्रों का भ्रमण कर शिक्षा संबंधी कार्यों किया अध्ययन।

*******************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन आगामी वर्षों में देश के महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को चार महीने में निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर आज सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। इस दौरान अदालत के आदेश के तहत राज्य की मुख्य सचिव कोर्ट के सामने उपस्थित हुईं। इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ट्रिपल टेस्ट करवाकर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने नारजगी जाहिर करते हुए कहा था कि ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं।

*******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन की स्थिति पर चिंता जताई है। गिरिडीह जिले में आज दिशा की बैठक में भाग लेने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की गिरिडीह जिले में स्थिति और भी ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा कि इस गड़बड़ी की जांच के लिए कमिटी बनायी गयी है।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन अब से थोड़ी देर बाद झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगे। रांची पहुंचने के तुरंत बाद वे पश्चिमी सिंहभूम के लिए रवाना हो जायेंगे। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत वे आज जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे के दूसरे दिन यानी कल डॉ. मुरुगन जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान–आईटीआई और केज फिशरीज–करंजिया का दौरा करेंगे। इसके बाद वे भारतीय इस्पात प्राधिकरण, सेल खदान का भी निरीक्षण करेंगे। दौरे के आखिरी दिन वे विभाग प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने मुंबई स्थित मझगांव शिपबिल्डर्स लिमिटेड– एमडीएल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने एमडीएल के स्वदेशी जहाज निर्माण की क्षमता की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की प्रतिबद्धता रक्षा मंत्रालय से जुड़े हर संस्थान दिखा रहे हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज रांची में विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर रहे हैं। यह चर्चा कल भी जारी रहेगी। बैठक में जनता से मिले सुझावों पर भी मंथन किया जा रहा है। बैठक से पूर्व श्री किशोर ने कहा कि राज्य का आगामी बजट मुख्य रुप से स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर केन्द्रीत होगा।

*******************

केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल स्टार्टअप के आज नौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य देश में स्टार्टअप उद्यमों को बढावा देना तथा नवाचार और उद्यमिता के लिए अनुकूल, सुदृढ़ और समावेशी माहौल बनाना है।

*******************

झारखंड को नक्सलियों से पूर्ण रुप से मुक्त करने के लिए राज्य सरकार की ओर से सख्त कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में राज्य के पुलिस महानिदेशक डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झारखंड में फरार नक्सलियों की संपत्ति जब्त करने का निर्देश दिया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नक्सलवाद पर समीक्षा बैठक करते हुए डीजीपी ने माओवादी संगठन, स्प्लिंटर ग्रुप और अपराधिक गुटों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सभी जिलों के एसपी को दिया। डीजीपी ने कहा कि विभिन्न काण्डों में माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप और अपराधिक गुटों के फरार अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाय।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। रांची पुलिस ने लोहरदगा पुलिस की मदद से पीएलएफआई का जोनल कमांडर और दो लाख रुपए के इनामी नक्सली कृष्णा यादव लोहरदगा से गिरफ्तार किया है। कृष्णा यादव लोहरदगा, रांची, खूंटी, लातेहार समेत अन्य जिलों की पुलिस के लिए एक चुनौती बना हुआ था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में दो दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं।

*******************

नीति आयोग की चार सदस्यीय टीम गुमला जिले के तीन दिवसीय दौरे पर है। संयुक्त निदेशक संजय साहू के नेतृत्व में आयी केन्द्रीय टीम जिले में शिक्षा संबंधी कार्यों का अध्ययन कर रही है। दौरे पर पहले दिन विभागीय अधिकारियों ने टीम को जिले की शैक्षणिक उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। बाद में आयोग की टीम ने घाघरा और सिसई प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों और पोषक क्षेत्रों का भी दौरा किया।

*******************

लोहरदगा जिले मे सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में आज भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कृति का महाकुंभ आरंभ होगा। इसके तहत विख्यात कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा दर्शायी जाएगी। कार्यक्रम मुख्य मंच गंगा पंडाल में आयोजित होंगे। इसका शुभारंभ प्रख्यात गायक शंकर महादेवन की विशेष प्रस्तुति से होगा। यमुना और सरस्वती पंडालों में भी आज सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। मुख्य गंगा पंडाल में दस हजार दर्शकों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था है।

*******************